719
11/12/12

खण्ड -7 संख्या -5/6

# दशम्

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग - 1

## कार्यवाही प्रश्नोत्तर

वृहस्पतिवार, दिनांक 26 मार्च, 1992 ई०

शुक्रवार, दिनांक 27 मार्च, 1992 ई०

सत्यमेव जयते

## कार्यालय खोलना

**खा-1. श्री राम जतन सिन्हा** - क्या मंत्री, खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद को सरकार द्वारा पूर्ण जिला दर्जा प्रदान किये आज तीन वर्ष से ज्यादा हो गये हैं, परन्तु आजतक जिला आपूर्ति पदा. तथा बिहार राज्य खाद्य असैनिक आपूर्ति निगम का डिविजनल कार्यालय नहीं खोला गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उन दोनों कार्यालयों को कबतक खोलने का विचार रखती है?

**प्रभारी मंत्री, खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग** - (1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) गत सृजित जिलों के लिए जिला आपूर्ति पदा. का पद सृजित करने का मामला सरकार के विचाराधीन है। तत्काल उक्त जिलों में जिला आपूर्ति पदा. का कार्य करने के लिए स.जि. आपूर्ति पदा. को प्राधिकृत करने की कार्रवाई हो रही है।

इसके अतिरिक्त जहानाबाद जिला अभी राज्य खाद्य निगम के गया जिला के अधीन है। निगम घाटे में चल रहा है। गया जिला के अधीन रहकर भी जहानाबाद जिला में आपूर्ति का कार्यसुचारू रूप से चल रहा है। ऐसी परिस्थिति में निगम का तत्काल जिला कार्यालय खोलने का प्रस्ताव जहानाबाद जिला में नहीं है।

## निबंधित बेरोजगारों की ब्योरा

**क-1. श्री ललित उरांव** - क्या मंत्री, श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के विभिन्न नियोजनालयों में दिनांक 31 दिसम्बर 1990 तक निबंधित बेरोजगारों की संख्या कितनी है तथा उनमें कितने उच्च शिक्षा प्राप्त, कितने टेकनीकल शिक्षा प्राप्त, कितने हरिजन और कितने आदिवासी तथा कितनी महिलाएं हैं?

**प्रभारी मंत्री, श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग** - बिहार राज्य के विभिन्न नियोजनालयों से प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 31 दिसम्बर 1990 तक निबंधित बेरोजगारों की कुल संख्या 33,90,479 है। इसमें उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगारों की कुल संख्या 39,147 है। हरिजन बेरोजगारों की कुल संख्या 2,45,747 है, आदिवासी बेरोजगारों की कुल संख्या 93,708